CLASS-V

नीचे दिए गए केस-स्टडी को पढ़कर सही विकल्प एवं प्रश्नों के उत्तर दो:- बढ़ती जनसंख्या ने अनेक प्रकार की समस्याओं को जन्म दिया है-रोटी, कपड़ा, मकान की कमी, बेरोजगारी, निरक्षता, कृषि एवं उद्योगों के उत्पादनों में कमी आदि। हम जितनी अधिक उन्नति करते हैं या विकास करते हैं, जनसंख्या उसके अनुपात में बढ़ जाती है। बढ़ती जनसंख्या के समक्ष हमारा विकास बहुत कम रह जाता है और विकास कार्य दिखाई नहीं देते। बढ़ती जनसंख्या के समक्ष सभी सरकारी प्रयास असफल दिखाई देते हैं। कृषि उत्पादन और औद्योगिक विकास बढ़ती जनसंख्या के सामने नगण्य सिद्ध हो रहे हैं। इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए जनसंख्या वृद्धि पर नियत्रंण की अति आवश्यकता है। इसके बिना विकास के लिए किए गए सभी प्रकार के प्रयत्न अधूरे रह जाएँगे।

प्रश्न

(क) बढ़ती जनसंख्या से किसमें कमी आई है?

(i) बेरोजगारी

(ii) गरीबी

(iii) निरक्षरता

(iv) कृषि एवं उद्योगों के उत्पादनों में

(ख) जनसंख्या बढ़ने से किन चीजों में बढ़ोत्तरी हुई है?

(i) लोगों के कार्य करने की क्षमता में

(ii) शिक्षा में

(iii) गरीबी एवं बेरोजगारी में

(iv) लोगों के स्वास्थ्य में

ग) हमारा विकास कार्य दिखाई नहीं देता, क्योंकि

(i) विकास के अनुपात में जनसंख्या वृधि अधिक है।

(ii) जनसंख्या वृद्धि कम हैं।

(iii) उपर्युक्त दोनों ।

(iv) इनमें से कोई नहीं

घ) सरकारी प्रयास ka क्या आशय हैं ?

(i) सरकारी नौकरियाँ

(ii) सरकारी चिकित्सा

(iii) सरकारी शिक्षा

(iv) उपर्युक्त तीनों ही

ङ) जनसंख्या वृद्धि पर नियत्रंण कैसे किया जा सकता हैं ?

(i) लोगों को जागरूक बनाकर

(ii) बच्चों को दूर भेजकर

(iii) लोगों को मारकर

(iv) आधा प्रतिशत लोगों को मंगल ग्रह भेजकर